दिन– मंगलवार

दिनांक– 14 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि– 15 मिनट

---

01. भाजपा ने इकहत्तर प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की। पार्टी के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तारापुर और विजय कुमार सिन्हा लखीसराय से किस्मत आजमायेंगे।

02 भाजपा के वरिष्ठ नेता और विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और मंत्री मोतीलाल प्रसाद समेत ग्यारह निवर्तमान विधायकों के टिकट काटे गए।

03. महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर घटक दलों के बीच गतिरोध जारी। विवादों के बीच घटक दलों ने अपने–अपने प्रत्याशियों को सिंबल देना शुरू किया।

04. और, चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से सोशल मीडिया सहित किसी भी इंटरनेट–आधारित वेबसाइट पर राजनीतिक विज्ञापन जारी नहीं करने का आग्रह किया।

---

एनडीए के घटक दलों के बीच मनपसंद सीटों को लेकर जारी गतिरोध के बीच भाजपा ने आज प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में इकहत्तर प्रत्याशियों के नाम शामिल हैं। इनमें नौ महिलाएं हैं। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

भाजपा ने पचास पुराने चेहरों पर अपना भरोसा जताया है, जबकि ग्यारह निवर्तमान विधायकों का टिकट कट गया है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को तारापुर से जबकि विजय कुमार सिन्हा को लखीसराय से टिकट दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव का टिकट काट दिया गया है।

–––कट–––

मंत्री मोतीलाल प्रसाद का भी टिकट कट गया है। वहीं, कुम्हरार से पांच बार के विधाायक अरूण कुमार सिन्हा को भी टिकट से वंचित कर दिया गया है। इसके अलावा पार्टी ने जिन निवर्तमान विधायकों का टिकट काटा है, उनमें पूर्व मंत्री राम सूरत कुमार, रामप्रीत पासवान और अमरेन्द्र प्रताप सिंह प्रमुख हैं। समाचार कक्ष से मैं कामिनी ठाकुर।

भाजपा ने पूर्व सांसद रामकृपाल यादव को दानापुर से अपना उम्मीदवार बनाया है। इसके अलावा स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय को सीवान से, नीतीश मिश्रा को झंझारपुर से, नीरज कुमार बबलू को छातापुर से और जीवेश कुमार को जाले से टिकट दिया गया है। साथ ही राजू सिंह को साहेबगंज से, कृष्ण कुमार मंटू को अमनौर से, नितिन नबीन को बांकीपुर से, संजय सरावगी को दरभंगा से, प्रेम कुमार को गया शहर से, सुरेन्द्र मेहता को बछवाड़ा से और डॉक्टर सुनील कुमार को बिहारशरीफ से उम्मीदवार

बनाया गया है। बेतिया से रेणु देवी, परिहार से गायत्री देवी, नरपतगंज से देवंती यादव, किशनगंज से स्वीटी सिंह और प्राणपुर से निशा सिंह को टिकट मिला है। कोढ़ा से कविता देवी, औराई से रमा निषाद, वारिसलीगंज से अरुणा देवी और जमुई से श्रेयसी सिंह का नाम भी प्रत्याशियों की सूची में शामिल है।

---

एनडीए के घटक दलों के बीच सीट आवंटन को लेकर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। विवाद को देखते हुए जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना स्थित अपने आवास पर एक आपातकालीन बैठक बुलाई। बैठक में विवाद सुलझाने को लेकर विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार–विमर्श किया गया। श्री कुमार ने पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, वरिष्ठ नेता ललन सिंह और विजय कुमार चौधरी को भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत कर सीटों के बंटवारे को शीघ्र सुलझाने को कहा है। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सीट बंटवारे से उत्पन्न स्थिति को देखते हुए अब से कुछ देर पहले दूसरी बार बैठक बुलाई है।

---

इस बीच, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने वैशाली के महनार से आज अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। पार्टी के वरिष्ठ नेता और ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने सुपौल विधानसभा क्षेत्र से और मोकामा से जदयू के टिकट पर अनंत सिंह ने नामांकन पत्र भरा। वैशाली से जदयू के सिद्धार्थ पटेल ने पर्चा दाखिल किया। इधर, जदयू ने सोनबरसा सीट से रत्नेश सदा को अपना उम्मीदवार बनाया है, जबकि यह सीट फॉर्मूले के तहत लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के खाते में गयी है। वहीं, राजगीर सीट को लेकर भी जदयू और लोजपा, आर के बीच विवाद की स्थिति बनी हुयी है। यह सीट जदयू की सीटिंग सीट है और इस बार लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के खाते में गयी है। इधर, जदयू की नाराजगी के बाद भाजपा ने कहलगांव और काराकाट सीट पर दावा छोड़ दिया है। वहीं, बड़हरा सीट भाजपा को दिये जाने पर भी जदयू ने नाराजगी जताई है।

---

एनडीए के घटक दल हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा ने अपने कोटे की सभी छह सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। पार्टी ने इमामगंज से दीपा कुमारी,

टिकारी से अनिल कुमार, बाराचट्टी से ज्योति देवी, अतरी से रोमित कुमार, सिकन्दरा से प्रफुल्ल कुमार मांझी और कुटुंबा से ललन राम को अपना प्रत्याशी बनाया है।

---

इस बीच, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा है कि जदयू को आवंटित सीटों पर दूसरे घटक दलों को उम्मीदवार नहीं खड़ा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी भी बोधगया और मखदुमपुर से अपना प्रत्याशी देगी। ये दोनों सीटें लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के खाते में गयी हैं।

---बाइट---

---

एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर जारी गतिरोध पर जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा है कि एनडीए के सभी घटक दलों में पूरा समन्वय है और हरेक स्तर पर बातचीत के बाद ही कोई फैसला किया जा रहा है। उन्होंने नीतीश कुमार की नाराजगी की बातों को सिरे से खारिज किया।

---बाइट---

इधर, जदयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा है कि एनडीए उम्मीदवारों की सूची समय पर सार्वजनिक कर दी जाएगी।

---बाइट---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि घटक दलों में नाराजगी की बातें बेईमानी है। सभी दल एकजुटता के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

---बाइट---

---

जानी–मानी लोक गायिका मैथिली ठाकुर आज भाजपा में शामिल हो गयीं। पटना में आयोजित समारोह में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। मैथिली ठाकुर ने कहा कि वे पार्टी के आदेश के अनुरूप काम करेंगी।

---बाइट---

---

एनडीए में सीटों के बंटवारे से नाराज भागलपुर के सांसद अजय मंडल ने संसद की सदस्यता से इस्तीफा देने संबंधी पत्र जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भेजा है। पत्र में कहा गया है कि विधानसभा चुनाव में टिकट बंटवारे में उनकी उपेक्षा की गयी, जिससे वे आहत हैं।

---

गोपालपुर से जदयू विधायक गोपाल मंडल ने अपना टिकट कटने की आशंका को लेकर आज अपने समर्थकों के साथ सीएम हाउस के बाहर धरने पर बैठ गये थे। बाद में पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

---

महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर घटक दलों के बीच विवाद जारी है। इसके चलते विभिन्न दलों के बीच न तो सीटों के बंटवारे की स्थिति स्पष्ट हो सकी है और न ही उम्मीदवारों की सूची ही जारी हो सकी है। इसके बावजूद राजद और वामपंथी दलों ने उम्मीदवारों को सिंबल देना शुरू कर दिया है। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने मटिहानी से बोगो सिंह, मनेर से भाई वीरेन्द्र, संदेश से दीपू सिंह और परबत्ता से डॉ. संजीव कुमार समेत आठ प्रत्याशियों को सिंबल प्रदान कर दिया है। इधर, बेगूसराय के साहेबपुर कमाल से राजद उम्मीदवार सदानंद संबुद्ध ने आज अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया।

---

महागठबंधन में शामिल वाम दलों ने भी अपने उम्मीदवार उतारने शुरू कर दिये हैं। भाकपा माले ने घोसी से रामबली सिंह यादव, पालीगंज से संदीप सौरभ, डुमरांव से डॉ. अजीत कुमार कुशवाहा और अरवल से महानंद सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। पटना के दीघा से पार्टी ने युवा नेत्री दिव्या गौतम को सिंबल दिया है। सीपीएम ने मांझी से सत्येन्द्र यादव और विभूतिपुर से अजय कुमार को उम्मीदवार बनाया है। इस बीच, सीपीआईएमएल के कयामुद्दीन अंसारी आज भोजपुर जिले के आरा विधानसभा से अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया।

---

इधर, कांग्रेस के नेता सीटों के बंटवारे को लेकर दिल्ली में लगातार बैठकें कर रहे हैं। अभी दिल्ली में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक चल रही है। सीट बंटवारे से

उत्पन्न विवादों के बीच पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति को सभी दो सौ तैंतालीस विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची भेजने को कहा है।

---

इधर, महागठबंधन के घटक दल विकासशील इंसान पार्टी के सकलदेव बिंद ने आज तारापुर विधानसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र भरा। हालांकि श्री बिंद ने नामांकन पत्र के साथ पार्टी का चुनाव चिन्ह प्रस्तुत नहीं किया है। उन्होंने बताया कि वे संवीक्षा के समय चुनाव चिन्ह जमा कर देंगे।

---

इस बीच, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय जनता दल ने घटक दलों को सीटों के बंटवारे के बारे में जानकारी दे दी है। इसके अनुसार राजद एक सौ पैंतीस, कांग्रेस इकसठ, वीआईपी बारह, सीपीआईएमएल उन्नीस, सीपीआई छह, सीपीएम चार, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी तीन, झारखंड मुक्ति मोर्चा को दो सीट और आईपी गुप्ता के नेतृत्व वाली इंडियन इनकलाब पार्टी को एक सीट देने की बात कही गयी है।

---

चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव और अन्य राज्यों में होने वाले उपचुनावों के मद्देनजर राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से सोशल मीडिया सहित किसी भी इंटरनेट–आधारित वेबसाइट पर राजनीतिक विज्ञापन जारी नहीं करने का आग्रह किया है। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि कोई भी विज्ञापन जारी करने से पहले मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति से प्रमाणपत्र लिया जाना चाहिए। आयोग ने कहा है कि निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार राजनीतिक विज्ञापनों के पूर्व–प्रमाणन के लिए ज़िला और राज्य स्तर पर समितियों का गठन किया गया है। चुनावी परिदृश्य में सोशल मीडिया की बढ़ती पैठ को देखते हुए, आयोग ने उम्मीदवारों को नामांकन दाखिल करते समय अपने प्रामाणिक सोशल मीडिया अकाउंट्स का विवरण साझा करने का निर्देश दिया है। आयोग ने कहा है कि राजनीतिक दलों को विधानसभा चुनाव समाप्त होने के पचहत्तर दिनों के भीतर सोशल मीडिया वेबसाइटों सहित इंटरनेट के माध्यम से प्रचार पर हुए खर्च का विवरण भी पेश करना होगा। समाचार कक्ष से मैं पीयूष कुमार।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. भाजपा ने इकहत्तर प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की। पार्टी के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तारापुर और विजय कुमार सिन्हा लखीसराय से किस्मत आजमायेंगे।

02 भाजपा के वरिष्ठ नेता और विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और मंत्री मोतीलाल प्रसाद समेत ग्यारह निवर्तमान विधायकों के टिकट काटे गए।

03. महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर घटक दलों के बीच गतिरोध जारी। विवादों के बीच घटक दलों ने अपने–अपने प्रत्याशियों को सिंबल देना शुरू किया।

04. और, चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से सोशल मीडिया सहित किसी भी इंटरनेट–आधारित वेबसाइट पर राजनीतिक विज्ञापन जारी नहीं करने का आग्रह किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।